क्षिक योग्यता और सीटों की उपलब्धता

योजना के तहत आईएएस और पीसीएस की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग दी जाती है। यूजीसी नेट की तैयारी के लिए

अमर उजाला 20/05/2026

सीएसजेएमयू का नौ, एचबीटीयू व सीएसए का दीक्षांत 10 जुलाई को

माई सिटी रिपोर्टर

कानपुर। कुलाधिपति के आदेश के बाद छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू), हरकोर्ट बटलर टेक्निकल एजुकेशन (एचबीटीयू) और चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के दीक्षांत की तिथि जारी की गई है। सीएसजेएमयू में नौ जुलाई को दीक्षांत होगा। सीएसए विवि और एचबीटीयू में 10 जुलाई को दीक्षांत होगा।

तीनों ही विश्वविद्यालयों में अंतिम चरण में परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। जून के तृतीय सप्ताह तक सभी पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम जारी करने का लक्ष्य है। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पिछले दिनों विश्वविद्यालयों की समीक्षा के दौरान सभी को जुलाई में दीक्षांत कराने का निर्देश दिया था। कुलाधिपति ने कहा था कि जो विवि जुलाई में दीक्षांत नहीं करा पाएंगे उनके दीक्षांत में न तो वह स्वयं और

तीनों ही विश्वविद्यालयों में अंतिम चरण में संपन्न हो रहीं परीक्षाएं

न ही कोई मंत्री आएंगे। इस आदेश के बाद अधिकतर विश्वविद्यालयों ने तैयारी शुरू कर दी है।

सीएसजेएमयू प्रशासन नौ जुलाई को दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा। विवि पहली बार स्नातक और परास्नातक परीक्षा के साथ ही एलएलबी, बीए-एलएलबी, बीएड, एमएड आदि की परीक्षाएं भी संचालित करा रहा है। एचबीटीयू और सीएसए विवि प्रशासन का भी कहना है कि जून के तृतीय सप्ताह तक परीक्षा व रिजल्ट संबंधी कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी।

विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि संस्थान का 41वें दीक्षांत समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। सभी अधिकारी व प्रोफेसरों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ले

र्ग

भार

कम

लैबोरेट्रीज

क और

क्रम में

24 और

खले होंगे।

के लिए

: नेशनल

हेल्थकेयर

रेपी और

लिए भी

कर दी है।

दैनिक जागरण 20/05/2026

सीएसजेएमयू का नौ, एचबीटीयू व सीएसए का दस जुलाई को होगा दीक्षा समारोह

जून के तृतीय सप्ताह तक रिजल्ट जारी करने का लक्ष्य, 31 जुलाई से पहले दीक्षा समारोह कराने के राज्यपाल ने दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, कानपुर : छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू), चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) और हारकोर्ट बटलर प्राविधिक यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) में दीक्षा समारोह की तिथि जारी हो गई है। राजभवन से अनुमति के बाद सीएसजेएमयू में नौ जुलाई को, सीएसए और एचबीटीयू में 10 जुलाई को दीक्षा समारोह का आयोजन किया जाएगा। जून के तृतीय सप्ताह तक सभी पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम जारी करने का लक्ष्य है।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पिछले दिनों प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों कीं समीक्षा के दौरान उन्हें 31 जुलाई के पहले ही दीक्षा समारोह कराने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर 31 जुलाई के बाद दीक्षा समारोह कराया तो उसकी अध्यक्षता करने वे नहीं आएंगी और न ही कोई मंत्री उसमें अतिथि बनेगा। राज्यपाल के सख्त निर्देश के बाद सभी विश्वविद्यालयों ने दीक्षा समारोह को लेकर तैयारी शुरू कर दी थीं। सीएसजेएमयू प्रशासन नौ जुलाई को दीक्षा समारोह का आयोजन करेगा। विश्वविद्यालय के अधिकारियों की मानें तो जून में ही सभी परीक्षाएं संपन्न करा ली जाएंगी। वहीं, एचबीटीयू और सीएसए विवि प्रशासन का भी कहना है कि जून के तृतीय सप्ताह तक परीक्षा व रिजल्ट संबंधी कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। एचबीटीयू के कुलसचिव अमित राठौड़ ने बताया कि दीक्षा समारोह के लिए 10 जुलाई की तिथि प्रस्तावित की है। इस पर बुधवार को अंतिम निर्णय होगा। वहीं, सीएसए के कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने बताया कि राजभवन से 10 जुलाई की तिथि दीक्षा समारोह के लिए तय की गई है, इस पर अभी अंतिम निर्णय होना है। विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि दीक्षा समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। सभी अधिकारी व प्रोफेसरों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

दैनिक जागरण 20/05/2026

प्रश्न पहर

सीएसए के कुलपति से पूछें करियर से जुड़े सवाल

यूपी बोर्ड, सीबीएसई और सीआइएससीई के इंटरमीडिएट छात्रों का रिजल्ट घोषित हो चुका है। लाखों की संख्या में विद्यार्थी हैं, जिन्हें करियर काउंसिलिंग की जरूरत है। आप कृषि के क्षेत्र में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी (सीएसए) में संचालित होने वाले कोर्सों में प्रवेश लेकर करियर संवार सकते हैं। विश्वविद्यालय में संचालित कोर्स की जानकारी देने के लिए बुधवार को प्रश्न पहर में कुलपति डा. संजीव गुप्ता दैनिक जागरण कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। आप उनसे फोन पर सवाल पूछ सकते हैं।

कुलपति डा. संजीव गुप्ता • सीएसए

समय : सुबह 11 बजे से 12 बजे

फोन नंबर: 0512-2334372

0512-6672790